Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 18-01-2022 | अंक 118

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### विषपान से व्यक्ति गंभीर, रेफर

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा**

बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत झुरझुरी निवासी किशुन प्रसाद उम्र 39 वर्ष पिता लालधारी माहतो ने विषपान कर लिया। जब परिजनों को इस बात की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में चार घायल

**अपेम लाइवः पदमा**

पदमा प्रखंड अंतर्गत पदमा ओपी के समीप एक कार डिवाइडर से टकरा गई। जिससे कार में सवार चार लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी घायल चौपारण के निवासी थे। घायलों में मधु देवी 23 वर्ष, धनेशरी देवी 65 वर्ष, विजय कुमार 27 वर्ष एवं विक्की कुमार 30 वर्ष शामिल है। सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ उनका प्राथमिक उपचार किया गया

### आज का पंचांड्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---19.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
सौम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---शिशिर
माहः---माघ
पक्षः---कृष्ण पक्ष
तिथिः---द्वितीया तिथि
दिनः---बुधवार
नक्षत्रः---श्लेशा नक्षत्र
योगः---प्रीति
करणः---तै
सूर्योदय :---प्रातः 06:41
सूर्यास्त : संध्या 05:19
सूर्य :---मकर राशि में
चंद्रमा :---कर्क राशि मे
आज का राहूकाल दिन :---12:00 बजे से दिन :---01:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज गणेश भगवान को दूर्वा अर्पित करने से व्यापार मे वृद्धि होता है।



आलेख :
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र की भवन निर्माण में बरती जा रही घोर अनियमिततता, घटिया सामग्री का किया जा रहा है उपयोग

## न ही एजेंसी का लगा है बोर्ड, न ही कनीय अभियंता की रहती है उपस्थिति, जनता में आक्रोश



बेतरतीब तरीके से लगाया गया पेबर ब्लॉक

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



टींकु केशरी



कंडम भवन को पाहरदिवारी से बाहर रखा गया है।

बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण में घोर अनिमियतता बरती जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त भवन 34 लाख की लागत से बनाया जा रहा है। लेकिन इसके निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। अपेम लाइव की टीम ने मंगलवार को निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मौके पर न तो संवेदक मिले और न ही कोई कनीय अभियंता। मैाके पर टाइल्स का काम कर रहे कुछ मजदूरो से जब पूछा गया कि किस संवेदक के द्वारा इसे बनाया जा रहा है। तब उसने सही तरीके से नही बता पाया कि उक्त भवन निर्माण किस एजेंसी के द्वारा किया जा रहा है। क्योकि न तो निर्माण स्थल पर एजेंसी को कोई बोर्ड लगा है। न ही योजना की जानकारी दी गई है। मजदूरो ने बताया कि हमलोगो को भी नही पता कि ठीकेदार कौन है। हमलोग को गोविंद कुमार नाम के व्यक्ति काम पर लगाया है। उन्होने बताया कि हजारीबाग के रामचंद्र यादव नाम के कोई व्यक्ति शायद इसका ठीकेदार है। मौके पर निरीक्षण के दौरान इस बात की जानकारी मिली कि निर्माण कार्य में तीन नम्बर का ईटा लगाया गया हैं । दरवाजा का चौखट टीना का लगाया गया है। जाली निर्माण पतला सरिया का लगाया गया है। जाली के बीच काफी गैप है। कुल मिलाकर काफी अनियमितता बरती गई है। अनियमितता को लेकर शुरू से ही स्थानीय जनता एवं जन प्रतिनिधि विरोध कर रहे हैं । लेकिन कोई सुनने वाला नही है। करियातपुर पंचायत के सक्रिय समाजसेवी टिंकू केशरी ने बताया कि इस उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में घोर अनिमियत्ता बरती गयी है। साथ ही उन्होंने कहा कि दरवाजा में लकड़ी के चौकठ के जगह टीना का चौकठ लगाया है। जिस ईट का उपयोग इस भवन निर्माण में लगाया गया है। वह बिल्कुल निम्न स्तर का ईट लगाया गया है। खिड़कियों में जिस ग्रिल को लगाया गया है। वह भी सही ढंग से नही लगाया गया है। सबसे बडी बात कि चाहरदीवारी भी सही तरीके से नही बनाया गया है। कंडम भवन को चाहरदीवारी के अंदर नही लाया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि किसी व्यक्ति विशेस को लाभ पहुंचाने के उदेश्य से ऐसा किया गया हैं । पेबर ब्लॉक भी समतल कर नही लगाया गया है। इसकी जांच जरूरी है। इस बाबत भवन निर्माण कार्य करवा रहे संवेदक रामचंद्र यादव एवं गोविंद कुमार के मोबाइल पर को इस बात की जानकारी लेने के लिए कई बार संपर्क किया गया परंतु उन्होंने एक बार भी फोन रिसीव नही किया। गौरतलब है कि इस भवन निर्माण से संबंधित जानकारी अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस को भी नही दी गई है। इसकी जांच जरूरी है। टिंकू केशरी ने बताया कि पूर्व में निर्माण के समय लगाया गया सामग्री का वीडीयो क्लिप भी उनके पास है। .

दिनांक: 18-01-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## एनपीएस नव प्राथमिक विद्यालय डुमरिया डीह के अध्यक्ष बने मो तैयब

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**




निर्वाचित एसएमसी के कमेटी के लोग

बरही प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय डूमरीया डीह के प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तय्यब अली पिता अब्दुल लतीफ एवं उपाध्यक्ष समशेर अंसारी पिता स्व युगल मियां का चयन किया गया इसके साथ ही 12 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य मुनेज़ा खातून,मो0, कैयूम, वार्ड सदस्य सालेहा खातून ,मो0 मंसूर अलाम ,लियाकत अंसारी , मो0 हनीफ,जलील ,समसूदीन अंसारी, समिना खातून, मेहरून खातून, अंसारी सजदा सिकंदर, खातून, कनिजा इदरीश खातून, मो0 अंसारी, निजाम अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

## चलंगा में समाजसेवी किशुन यादव ने भक्ति जागरण का किया उद्घटान




एकादश मे जागरण कार्यक्रम का सुभारम्भ करते लोग

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

रानीचुवां पंचायत अंतर्गत चलंगा निवासी विनय यादव के मृतक दादी जी के श्राद्ध कार्यक्रम में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण का उदघाटन भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी सह बरही पूर्वी जीप प्रत्याशी किशुन यादव ने दीप जलाकर कर किया। इस अवसर पर जागरण करने आए लोगों ने एक से एक भक्ति गीत संगीत की प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध किया। किशुन यादव ने कहा कि जागरण से तन मन मे शुद्धता आती है। जागरण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। मौके पर मिथलेश यादव , बंशी यादव, मनोज यादव, रविन्द्र यादव, रंजीत यादव, रामदेव यादव, विजय यादव, राजेश यादव , बासुदेव यादव, भीखी महतो, शिवाली यादव, छोटेलाल यादव, अनीश यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## सोमवार को जिले में 10 नए केस मिलने की पुष्टि

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**रोहित कुमार**



कोरोना संक्रमण के नए मामलों में गिरिडीह में पिछले कई दिनों से उतार-चढ़ाव जारी है। सा. ेमवार को ही जिले में 10 नए केस मिलने की पुष्टि स्वास्थ विभग ने किया। तो पांच संक्रमित ठीक भी हुए। इसके बाद जिले में एक्टिव केस की संख्या अब बढ़कर 140 के करीब रह गया है। सोमवार को आएं नए मामलों में डुमरी और इसरी में नौ नए केस मिले। जबकि शहरी क्षेत्र में एक केस शहर के इन्द्रपुरी कॉलोनी से मिलने की पुष्टि स्वास्थ विभाग ने किया। सोमवार को स्वास्थ विभाग को 930 सैंपल के जांच रिपोर्ट आएं। इनमें 10 केस पॉजिटीव पाएं गए। नए संक्रमितों को कोरोना का मामूली लक्षण पाएं जाने पर चिकित्सकों ने घर पर ही रहकर इलाज कराने का सुझाव दिया। जबकि उनके संपर्क में आएं लोगो को टेस्टिंग कराने की बात कही है।

## शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**बिकम सिंह**




श्रद्धांजली अर्पित करते पुर्व मुख्यमंत्री व अन्य

चलकुशा : प्रखंड के ग्राम पंचायत चौबे के पूर्व मुखिया सह भाजपा जिला मंत्री स्वर्गीय जयदेव चौधरी के शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बा. बूलाल मरांडी ,बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने उनके निवास पहुंचकर। लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्री चौधरी के दोनों पुत्र अंशु कुमार, रवि कुमार एवं उनके पत्नी से मिले और ढांढस बंधवाया ।चौबे जाने के क्रम में चलकुशा चांदनी चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का स्वागत किया गया। वही मस्केडीह पंचायत एवं क्षेत्र लोगों के द्वारा मस्केडीह रेलवे क्रॉसिंग को लेकर आवेदन पत्र सौंपा गया । और बिजली की समस्या को लेकर अवगत कराया गया । मौके पर चलकुशा प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सिंह,बरकट्ठा चिप सदस्य कुमकुम देवी, सांसद प्रति. निधि,केदार साव , सुबोध चौधरी ,सुखदेव यादव, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह ,भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ,अशोक वर्णवाल ,प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव ,उप प्रमुख दुर्गा यादव ,भाजपा उपाध्यक्ष विजय चौधरी , मुखिया प्रतिनिधि दिनेश पांडे ,अशोक यादव ,राजेंद्र साव ,गोविंद चौधरी, पिंटू मोदी वासुदेव यादव, मो. हसीन कमाल ,विरेंदर यादव ,आलोक सिंह, राज. कुमार पंडित ,मनोज नायक, श्याम सुंदर यादव ,भुनेश्वर स्वर्णकार, राम जी चौधरी, तफज्जुल हुसैन, इस्लाम अंसारी, अजय सिंह एवं काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

## जिला प्रशासन ने सांख्यिकी विभाग की अधिक्रमित भूमि पर चलाया बुलडोजर

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**रोहित कुमार**




जिला प्रशासन ने मंगलवार को न्यू बरगंडा में सांख्यिकी विभाग की अधिक्रमित भूमि पर बुलडोजर चलाया। प्रशासन का दावा है कि भूमि पर अतिक्रमण को हटाया जा रहा है।इस अभियान में विशालदीप खलको, सीओ रविभूषण सिन्हा, एसडीपीओ अनिल सिंह, नगर थाना प्रभारी आरएन चौधरी समेत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात हैं। प्रशासन का कहना है कि यह भूमि सांख्यिकी विभाग की है, जिसपर अतिक्रमण किया गया है। उसे ही मुक्त कराया जा रहा है।







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित,    एडिटिंग- धनंजय कुमार    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## गावां बीडीओ ने बीएलओ एवं कर्मियों के साथ किया बैठक, दिए कई दिशा निर्देश

**अपेम लाइवः गावां**
**मुजाहिद अली**



बैठक मे शामिल लोग

गावां, गिरीडीह : गावां प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को गावां के प्रभारी बीडीओ संतोष प्रजापति के अध्यक्षता में बीएलओ एवं कर्मियों के साथ एक बैठक की गई। बैठक में बीडीओ ने निर्देश दिया कि 26 जनवरी से प्रारंभ होने वाली पेट्रोल सब्सिडी योजना के लिए सभी लाभुकों से आवश्यक दस्तावेज ले लिया जाए ताकी लाभुकों को आसानी से 25 रु प्रति लीटर के दर से सब्सिडी पर हर माह 10 लीटर पेट्रोल मिल सके। इससे संबंधित लाभुकों का आवश्यक दस्तावेज अतिशीघ्र संग्रह कर लेने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रखण्ड के कुछ डीलरों के द्वारा मुख्यमंत्री सोना सोबरन योजना के तहत दिए गए धोती, साड़ी और लुंगी का पैसा अभी तक भुगतान नही किया गया जिसे दो दिनों के अंदर भुगतान करने का दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने डीलरों को चीनी की आवंटन हेतु बताया कि दो दिनों के अंदर सभी डीलर चीनी के लिए पैसे की भुगतान कर ताकि समय से चीनी का आवंटन हो सके लाभुकों को चीनी मिल सके। मौके पर प्रखण्ड के सभी बीएलओ समेत सैकड़ों कर्मी उपस्थित थे।

## दलित नबालिक युवती के साथ दुष्कर्म, मामला मरकच्चो थाना क्षेत्र के चोपनाडीह का, पुलिस पर पक्षपात का आरोप

**अपेम लाइवः कोडरमा**
**धिरज कुमार**



कोडरमा जिला के मरकच्चो थाना क्षेत्र के ग्राम चोपनाडीह में एक सत्रह वर्षीय नाबालिग युवती ने एक युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर सोमवार को नाबालिग युवती ने मरकच्चो थाने में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें उसने ग्राम जामू निवासी जागेश्वर साव पिता बिजय साव पर आरोप लगाते हुए कहा है की 14 जनवरी को उक्त युवक उसके घर धान लेने आया था। उसने उक्त युवक को बताया कि घर में कोई गार्जियन नहीं है। घर में वह और सिर्फ उसकी बड़ी बहन है। युवक यह सुनकर लौट गया। लेकिन उसी रात करीब ग्यारह बजे जब वह शौच के लिए घर से बाहर निकली और जब वापस अपने घर में अंदर जा रही थी, तभी उक्त युवक भी उसके पीछे घर में दाखिल हो गया और नाबालिक का मुंह दबाकर खटिया पर पटक दिया और चाकू का भय दिखाकर जबरन दुष्कर्म किया। वहीं नाबालिक युवती ने मौका देखकर शोर मचाया। जहां हल्ला सुनकर आस पड़ोस के ग्रामीण जुटी और ग्रामीणों ने उस युवक को पकड़ लिया। बाद में पुनः 15 जनवरी को ग्रामीणों ने मरकच्चो पुलिस को सूचना दिया और सूचना पर मरकच्चो पुलिस को युवक को सुपुर्द कर दिया गया। आवेदन में युवती ने बताया है की उसके माता-पिता कोलकाता में थे । घटना की खबर सुनकर 16 जनवरी को जब उसके माता-पिता मरकच्चो वापस लौटे तो नाबालिक ने 17 जनवरी को पुलिस को आवेदन दी। वहीं ग्रामीणों ने बताया की ग्रामीणों ने पुलिस को केवल लड़का को सुपुर्त किया पर पुलिस द्वारा लड़का के साथ नाबा. लिक युवती को भी 15 जनवरी को थाना ले जाया गया और युवती का मेडिकल जांच करवाने के बजाय तीन दिन और तीन रात युवती को थाने पर रखा गया जो पोक्सो एक्ट नियम के विरुद्ध है। अब सवाल उठता है की युवक को ग्रामीणों द्वारा 15 जनवरी को ही सौपा गया और इतनी गम्भीर आरोप होने के बावजूद पुलिस ऐसे युवक को पूरे तीन दिन संरक्षण देता रहा और माननीय न्यायालय को सौपने के बजाय थाने पर अपने संरक्षण में रखा और प्रशासन द्वारा युवती को 18 जनवरी को मेडिकल जांच के लिए कोडरमा सदर अस्पताल ले जाया गया। तो कौन करेगा इंसाफ माननीय न्यायालय या पुलिस प्रसाशन। इधर मामले पर यथाशीघ्र कार. 'वाई नहीं होने पर दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति जिला इकाई ने आंदोलन करने की बात कही है।

## भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने मालडा पंचायत के सीरी मुसहरी टोला में गरीबों के बीच बांटे कम्बल

**अपेम लाइवः गावां**
**मुजाहिद अली**



बुजुर्गों को कंबल वितरण करते भाजपा नेता

गावां, गिरिडिह : गावां प्रखंड के मालडा पंचायत अंतर्गत सीरी गांव के मुस. हरी टोला में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा गरीबों के कम्बल का वितरण किया गया। इस दौरान पूर्व आईजी सह भा. जपा नेता लक्ष्मण सिंह मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के माध्यम से सूचना मिली थी कि सीरी गांव में कुछ गरीबों को कम्बल की आवश्यकता है इसलिए मैंने यहां आकर इन गरीबों के बीच कम्बल बांटने का काम किया है ताकि इन्हें ठंढ से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जीवन मे मानव सेवा ही सर्वोपरी है इसलिए हमलोग मानव सेवा करने का प्रयास कर रहे और भा. जपा का लक्ष्य भी यही है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि श्रीराम यादव, सुरेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, बिनोद मिस्. तकार, संतोष पांडेय, सदानंद साव समेत दर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सावधानी अपनायें और कोरोना को हराएं : 20 सूत्री अध्यक्ष गावां

**अपेम लाइवः गावां**
**मुजाहिद अली**



अजय सिंह

गावां प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह ने कोरोना को हराने के लिए क्षेत्र वासियों से सावधानी बरतने अपील किया है। कहा कि हम सब मिलकर सावधानी अपनाएंगे और कोरोना को दूर भगाएंगे। उन्होंने कहा है कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए हम सबको सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना चाहिए और भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जाने से परहेज करना चाहिए। साथ ही कोरोना का टीका लगवाकर अपने आप को और अपने परिवार एवं समाज को सुरक्षित करना चाहिए। वहीं उन्होंने प्रखण्ड वासियों से अपील किया है वे मास्क का उपयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा है कि कोरोना से जंग जितने के लिए हमें सरकार का सहयोग करना चाहिए।

## विद्या भारती के विद्यालय में सूर्यनमस्कार का आयोजन किया गया।

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**प्रमोद कु० गुप्ता**



सुर्य नमस्कार करते बच्चे

आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वस्थय संकल्प के तहत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बंदरकुप्पी के प्रांगण में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया।प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने बताया कि यह 16 जनवरी से शुरू हुआ और यह अभियान 23 जनवरी तक चलेगा।विभिन्न संगठनों के माध्यम से 75 करोड़ सूर्यनमस्कार करने का लक्ष्य रखा गया है।विद्या भारती के सभी विद्यालय इस दिशा में अपना कार्य कर रही है।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य के साथ-साथ सभी आचार्य ,कर्मचारियों, अभिभावकों ने सूर्यनमस्कार किया।इसमें योग आचार्य बाली मंडल ने कहा योग से हमारा शरीर के रोग, विकार, तनाव, दोष, दूर होता है। मोके पर सभी आचार्य, अभिभावक, कर्मचारी, और कुछ बच्चे आदि उपस्तित थे।

## खबर पाकर पहुंचे पीड़ित परिवार के घर सांसद प्रतिनिधि बिरनी

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी के पेशम पंचायत ग्राम पेशम निवासी श्री काली तुरी के धर्मपत्नी सहोदरी देवी जिनका उम्र लगभग 54 वर्ष गंभीर बीमारी का इलाज लंबे समय से रांची में चल रहा था।बीते सोमवार को निधन हो गया। खबर पाकर इस दुख की घड़ी में दिन मंगलवार को सांसद प्रति. निधि महेंद्र प्रसाद यादव जी बिरनी ,सांसद प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति बिरनी सह मुखिया बरमसिया प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा जी अध्यक्ष मुखिया संघ बिरनी सह मुखिया पेशम टुपलाल प्रसाद वर्मा जी भारतीय जनता पार्टी प्रखंड अध्यक्ष बिरनी राजदेव साव,पूर्व विधायक प्रतिनिधि सह पंचायत समिति सदस्य बंगराकला लक्ष्मण दास युवा मोर्चा भरकट्टा मंडल महामंत्री प्रवीण प्रभाकर, मीडिया प्रभारी रंजीत राय, आजाद तुरी, स्याम किशोर राय(गादी)मांझी तुरी, लखन तुरी, ललन राम, सहदेव तुरी पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर गहरा शोक व्यक्त किए एवं इस दुख की घड़ी में हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर




तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

**निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता**

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







# कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।







डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## शांति सेवा सदन में 30 महिलाओ का निशुल्क बंध्याकरण किया गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




शांति सेवा सदन

हजारीबाग रोड प्रेम नगर स्थित शांति सेवा सदन में सी एच आर के तहत सिविल सर्जन हजारीबाग के निर्देश पर महिलाओं का बंध्याकरण परिवार नियोजन किया गया। कुल 30 मि. हलाओं का बंध्याकरण किया गया द्य नर्सिंग होम के संचालक प्रोपराइटर सुरेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि बंध्याकरण कराने वाले लाभुक महिलाओं के खाते में प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 भेजी जाएंगी। कुल 30 मि. हलाओं का परिवार नियोजन बंध्याकरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर अर्जुन कुमार , प्रोपरा. इटर सुरेंद्र कुमार सोनी, विवेक कुमार सोनी , आफताब आलम, सोनू , शांति, रेखा कुमारी , कुंती देवी, राजंती देवी मनीता रजनी इत्यादि के द्वारा महिलाओं के देखरेख में सफल बंध्याकरण किया गया।

## भंडार में सात दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर कुमार**



भगहर पंचायत के ग्राम भंडार में सात दिवसीय महायज्ञ मंगलवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। यज्ञ समिति ने बताया कि राधा-कृष्ण एवं महाबली हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का मुख्य पुजारी घनु यादव व तिलेश्वरी देवी है। कलश यात्रा में रामा यादव, सुरेश यादव, जिबल यादव, बा. सुदेव यादव, यदुनंदन यादव, विनोद कुमार नि. राला, रामबली यादव, लालो प्रजापति, लालू यादव, कपिल यादव, दिलीप यादव, अर्जुन प्रजा. पति, उपेंद्र यादव, दिनेश यादव, सहदेव यादव, खुशी यादव, सीताराम यादव, दिनेश, दीनानाथ, बीरेंद्र, कृष्णा, शिवकुमार, श्रीकांत, लक्ष्मण सहित अन्य सैकड़ो महिलाओं ने हिस्सा लिया।

## खबर की असर

## ठंड से ठिठुर रहे ग्रामीणो के लिए प्रखण्ड प्रशासन ने किया अलाव की ब्यवस्था

### प्रखण्ड में जहाँ जरूरी पड़ेगा ठंड से बचने के लिए किया जाएगा अलाव की ब्यवस्था : बीडीओ

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



प्रखण्ड में कपकाती ठंड से निजात पाने के लिए मंगलवार की अखबार में खबर छपने के बाद प्रखण्ड प्रशासान ने मंगलवार को प्रखण्ड के एक दर्जन से ज्यादा चौक चौराहो पर अलाव की ब्यवस्था के लिए लकड़ी की ब्यवस्था किया।बी डी ओ सह सी ओ हुलास महतो ने कहा कि ठंड से प्रखण्ड में कही भी किसी को दिक्कत नहीं होगी।मंगलवार को प्रखण्ड के कई स्थानों पर लकड़ी की ब्यवस्था किया गया है।और जरूरत पड़ेगी तो जगह जगह लकड़ी की ब्यवस्था प्रखण्ड प्रखण्ड प्रशासन करेगी।उन्होंने कहा कि राजपुर,कान्हाचट्टी एवं प्रखण्ड के अन्य स्थानों पर अलाव की ब्यवस्था किया गया है।अलाव की ब्यवस्था होने पर प्रखण्ड के लोगो ने प्रखण्ड प्रशासन को बधाई भी दी है।

## आर्य कर्णनिधि के द्वारा चोरका गांव में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कंबल वितरण करते लोग

बड़कागांव के चोरका गांव में आर्य कर्णनिधि प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा मंगलवार को गरीब,, निर्धन वृद्ध महिला पुरुष जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया। लगभग एक सौ कंबल का वितरण किया गया । कार्यक्रम में आर्य कर्णनिधि लिमिटेड के सीएमडी मुख्य अतिथि रंजीत कुमार मेहता एवं एवं कंपनी के अन्य वरिष्ठ सदस्यों के हाथों कंबल का वितरण किया गया। पिछले एक माह में अलग-अलग पंचायतों में कंपनी के द्वारा लगभग ढाई हजार कंबल का वितरण किया जा चुका है। सीएमडी रंजीत कुमार मेहता ने कहां की सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत कंपनी के द्वारा वैसे लोग जो लाचार, बेबस व गरीब जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर कम्बल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया पिछले एक माह में ढाई हजार जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जा चुका है। मौके पर सीएमडी रंजीत कुमार, सरोज सोनी, विनोद सिन्हा, पवन कुमार, नरेंद्र कुमार, चोहन साव आदि लोग मौजूद थे।

## प्रशासन की उपस्थिति में विवादित भूमि का सीमांकन

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



इटखोरी थाना अंतर्गत परसौनी पंचायत के परसौनी ग्राम में भूमि विवाद को लेकर जो तनाव का माहौल उत्पन्न हुआ था प्रशासन ने मंगलवार संध्या इस पर विराम लगा दिया। डीएसपी केदार राम, अंचलाधिकारी रामविनय शर्मा एवं दोनो समुदायों से चयनित कुल बारह सदस्यों की उपस्थिति में खाली पड़े चार एकड़ पचहत्तर डिसमिल जमीन में से लगभग दो एकड़ सैंतीस डिसमिल जमीन दोनो समुदायों के हिस्से बाटा गया। बाद में किसी तरह की विवाद दोनो समुदायों में ना हो इसके लिए प्रशासन ने जमीन का सीमांकन कर जेसीबी के द्वारा खुदाई कर दोनो समुदायों को उनके हिस्से की जमीन बतला दी। मालूम हो कि खेल मैदान एवं कब्रगाह के विवाद से उतपन्न स्थिति ने दो विशेष समुदाय के बीच द्वेष का माहौल बना दिया था जिसे सुलझाने को लेकर सोमवार इटखोरी प्रखण्ड मुख्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी की उप. स्थिति में समन्वय बैठक रखा गया था। बैठक में दोनो समुदायों से उपस्थित प्रतिनिधियों ने पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुनः पूर्व की भांति सम्बंध स्थापित रखते हुए बिना हो हंगामा अपने अपने पक्ष को रखा एवं अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा अंत मे दिए गए निर्णय को सर्वसम्मति से मान लिया था। अनुमंडल पदाधिकारी ने बतलाया कि पांच प्रस्ताव लिए गए है जिनमे सबों की सहभागिता है एवं मंगलवार सुबह उक्त विवादित भूमि पर दोनो पक्षों से चयनित कुल बारह सदस्य (दोनो पक्षों से छः छः सदस्य)की उपस्थिति में शांतिपूर्ण तरीके से भूमिमापी का कार्य कर उन्हें अपने अपने सीमांकन में कार्य करने की अनुमति दे दी जाएगी जिसके तहत ही मंगलवार को सीमांकन का कार्य किया गया। सीमांकन के समय डीएसपी केदार राम, इंस्पे. क्टर शिवप्रकाश, थाना प्रभारी निरंजन मिश्रा, अंचलाधिकारी रामविनय शर्मा, दोनो पक्ष के लोग सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीडीसी ने किया कान्हाचट्टी प्रखण्ड का औचक निरीक्षण

### कान्हचट्टी ब्लॉक को मॉडल ब्लॉक बनाना मेरा लक्ष्य : डीडीसी

**अपेम लाइव : कन्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




मंगलवार को डी डी सी सुनील कुमार सिंह,ने कान्हाचट्टी प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किये।उन्होंने प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड कर्मियों के साथ डीडीसी सुनील कुमार सिंह ने समीक्षात्मक बैठक की। उन्होंने मनरेगा के तहत संचालित सभी योजनाओं का पंचायत वार समीक्षा की। मनरेगा में मानव दिवस सृजन के लक्ष्य, मजदूरी भुगतान सहित योजनाओं की भौतिक स्थिति के के बारे में जानकारी ली।साथ ही मन. रेगा के तहत प्रवासी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु संचालित योजनाओं की समीक्षा की साथ ही उन्होंने प्रखंड में चल रहे सोशल ऑडिट में सोशल ऑडिट के टीमों को हर पल सहयोग करने का निर्देश दिए।त. त्पश्चात समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में लंबित पड़े आवासों की कार्य प्रगति की जानकारी ली।एवम नए आवास के पहली किस्त जल्द से जल्द लाभुकों के खाते में भेजने का निर्देश दिए साथ ही पंचायतों में व पंचायत समितियों के पास बचे 15वि वित आयोग की राशि को जल्द से जल्द जरूरी योजना का चयन कर राशि खर्च करने का निर्देश ब्लॉक पंचायती राज कोडिनेटर बैजनाथ कुमार को दिया। कान्हाचट्टी को मॉडल बनाना मेरा लक्ष्य रू डीडीसी उप विकाश आयुक्त ने पत्रकारों से बातचीत करते हुवे बताया की कान्हाचट्टी ब्लॉक को म०डल ब्ल०क बनाने का मेरा लक्ष्य है जिसे लेकर बीडीओ से भी विशेष बाते हुई है जल्द की इस ब्लॉक को म०डल ब्लॉक का रूप दिया जाएगा।मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ हुलास महतो, बीपीओ नि. रंजन सिंह,पंचायत सेवक नवीन तिर्की,मुनेश तिर्की के साथ अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

APEM LIVE



# गर्भवती भाभी की हत्या का आरोपी डॉक्टर को पुलिस ने लिया रिमांड पर

## पुलिस के समक्ष आरोपी डॉक्टर ने खोले कई राज

**अपेम लाइव : कन्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



डॉ प्रवीण

चतरा शहर के चर्चित हत्या कांड के आरोपी डॉक्टर को पुलिस ने रिमांड पर लिया। और गर्भवती भाभी की हत्या का आरोपी डॉक्टर प्रवीण को सदर थाना पुलिस ने रिमांड पर लिया है। यह रिमांड सोमवार की शाम में ही लिया गया है। सूत्रों की अगर मानें तो डॉक्टर प्रवीण ने पहले पुलिस को इधर उधर घुमाने का काफी कोशिश किया। परन्तु पुलिस की सख्ती के आगे वह टूट गया और हत्या के मामले में उसने कई राज खोले हैं। पुलिस ने बताया कि डॉक्टर के बड़े भाई प्रशांत को भी पुलिस ने रिमांड पर लिया है। ज्ञात हो कि गर्भवती भाभी की हत्या के बाद बचने के लिए डॉक्टर के द्वारा कई उपाय किये गए परन्तु वह इस जघन्य पाप से नहीं बच सका। बताया जाता है कि डॉ प्रवीण के द्वारा अपनी भाभी की हत्या करने के बाद उस आरोप से बचने के लिए बिना पीड़िता को अस्पताल लाये सदर अस्पताल के चिकित्सक को धोखे में रखकर न सिर्फ रेफर करवा लिया। बल्कि कोरोना जांच का पुर्जा सदर अस्पताल में बनवाकर खुद अपने हांथों से कोरोना पीसीटीभ लिख दिया। इतना ही नहीं डॉ प्रवीण ने अपने द्वारा लिखे गए उस पोसिटीभ रिपोर्ट को सही साबित करने के लिए अपने घर में रखे चिकित्सा पदाधिकारी का मोहर भी मार दिया। इतने पर भी उसे संतुष्टि नहीं मिली तो साक्ष्य को छुपाने के उद्देश्य से गया ले जाकर शव का दाह संस्कार कर दिया।

# सेवा भाव समूह ने वृद्ध दंपत्ति को खाने पीने की सामग्री, गर्म कपड़े, कंबल एवं इलाज करवाने हेतु नगद राशि दिया गया

## गरीबो का सेवा ही सेवा भाव का परम् कर्तब्य : जितेंद्र

**अपेम लाइव : कन्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



हंटरगंज प्रखंड के करैलीबार पंचायत निवासी बृद्ध दंपत्ति(पति-पत्नी ) कामेश्वर भुइयाँ , फुलवा देवी इनके पास अपने जीवन यापन करने के लिए ना तो खाने-पीने की सामग्री है ना ही पैसे एवं इस कड़कड़ाती ठंड से बचने के लिए ना ही इनके पास किसी प्रकार का कोई गर्म कपड़ा या कंबल है जिससे कि यह इस कड़कड़ाती ठंड में अपना जीवन यापन कर सकें एवं उपचार हेतु या दवा खरीदने हेतु इनके पास 1 नगद राशि भी नहीं है ऐसा सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से सेवा भाव समूह को प्राप्त हुआ। सूचना प्राप्त होने के 24 घंटे के अंदर सेवा भाव समूह के संस्थापक जितेंद्र पांडेय जी के निर्देशानुसार इस जरूरतमंद परिवार के लिए सेवा भाव समूह के सक्रिय सदस्य एवं समाजसेवी जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा के अध्यक्षता में सेवा भाव समूह की एक टोली के द्वारा खाने-पीने की सामग्री (आंटा , चावल , तेल , आलू , प्याज , बिस्किट इत्यादि) इस कड़कड़ाती ठंड से बचने हेतु कंबल, गर्म कपड़े एवं इलाज के लिए 1000 नगद राशि तत्काल इस परिवार को सहयोग किया गया। सेवा भाव समूह के सक्रिय कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों से बताया गया कि सेवा भाव समूह जिसका उद्देश्य जरूरतमंद परिवार की सेवा करना है इन जैसे जरूरतमंद परिवार की सेवा कर हम सब को एक अलग ही प्रकार की खुशी की अनुभूति होती है ऐसे कोई और भी परिवार हो तो हमारे सेवा भाव समूह से संपर्क करें ।सेवा भाव समूह के सक्रिय कार्यकर्ता राहुल गुप्ता जी के द्वारा आगे भी जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करने के लिए आश्वस्त किया गया। इस निमित्त इस पुण्य कार्य में सेवा भाव समूह के सक्रिय कार्यकर्ता एवं समाज सेवी सह पंचायत समिति सदस्य राहुल गुप्ता,आलोक कुमार, जितेंद्र कुमार,बांटी कुमार पैनीकला पंचायत के समाज सेवी अमित कुमार पासवान, अक्षय कुमार पा. सवान, बिनोद भुइयां, राहुल भुइयां, अखिलेश भुइयां, बीरेंद्र भुइयां, कमलेश भारती, आदि लोग उपस्थित थे।

# रामपुर पंचायत में मुखिया ने किया कार्यकारणी की बैठक

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर कुमार**



प्रखंड के ग्राम पंचायत भवन रामपुर में वार्षिक योजनाओं को क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को बैठक हुआ.बैठक की अध्यक्षता मुखिया बीना देवी ने किया.बैठक में 2022- 23 के लिए वार्षिक योजनाओं का रूप रेखा तैयार किया गया. मुखिया बीणा ने कहा पंचायत के सभी वार्ड क्षेत्र की समस्या को देखते हुए योजना का सूची तैयार किया गया है.पंचायत के सभी गांव टोले एवं मुहहले का ख्याल रखा गया है. बैठक में सचिव अशोक कुमार,वार्ड सदस्य विमल राम, लक्ष्मी देवी, किरण देवी, देवेंद्र ठाकुर, बैजंती देवी, राधा देवी, कैलास यादव, रधिया देवी शामिल थ।







